राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन्स फाटक सी–स्कीम, जयपुर।
टेलीफैक्स : 0141–2222403, 2222469 ईमेल : dlbrajasthan@gmail.com वेबसाईट : www.lsg.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक : एफ 55( )अभि./सीई/डीएलबी/2017–18/सड़क मरम्मत/26401-592 दिनांक : 04/04/18

1. कार्यकारी निदेशक,
   राजस्थान पेयजल, सीवरेज एवं शहरी
   ढांचागत विकास निगम लि. (RUDSICO),
   राजस्थान, जयपुर।

2. आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी,
   नगर निगम/परिषद/पालिका (समस्त)।

विषय : बजट घोषणा वर्ष 2017–18 के अंतर्गत नगरीय निकाय क्षेत्रों की क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण/मरम्मत कार्य करवाने बाबत।

प्रसंग : विभाग का पूर्व समसंख्यक पत्रांक 1194–1424 दिनांक 23.03.2018 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र की निरन्तरता में लेख है कि नगरीय निकाय क्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2017–18 (प्रथम चरण) में क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण व पुनर्रूद्धार/मरम्मत कार्य करवाने के सम्बन्ध में मुख्य सचिव महोदय, राजस्थान सरकार की अध्यक्षता में दिनांक 9.10.2017 को आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसरण में विभाग के समसंख्यक पत्रांक : 2846–3076 दिनांक 13.10.2017 द्वारा RUDSICO को कार्यकारी एजेन्सी नियुक्त करते हुये, निविदाओं की स्वीकृति एवं दरों के अनुमोदन हेतु **निविदा अनुमोदन समिति** तथा निविदा मूल्यांकन सहित निविदा सम्बन्धी समस्त प्रक्रिया पूर्ण कर अभिशंषा करने हेतु RUDSICO स्तर पर **निविदा मूल्यांकन समिति** का गठन किया गया है। साथ ही समसंख्यक आदेश सं. : 3428 दिनांक 23.10.2017 द्वारा समस्त नगर निकायों के लिये तकमीनों की तकनीकी स्वीकृति जारी करने हेतु RUDSICO स्तर पर **राज्य स्तरीय तकनीकी समिति** का गठन किया गया है।

उपरोक्त आदेशों की निरन्तरता में स्पष्ट किया जाता है कि जिन नगर निकायों के वर्ष 2017–18 के सड़क निर्माण/पुनर्रूद्धार/मरम्मत कार्यो की RUDSICO स्तर पर निविदा प्रक्रिया सम्पादित नहीं हुई है एवं विभाग के प्रासंगिक पत्र द्वारा सम्बन्धित नगर निकाय स्तर पर निविदा प्रक्रिया सम्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया है, उन शेष नगर निकायों में निविदाओं की स्वीकृति/दरों के अनुमोदन एवं कार्यो की समीक्षा आदि कार्यवाही **निविदा अनुमोदन समिति** द्वारा, निविदाओं में प्राप्त दरों का विश्लेषण/मूल्यांकन करने एवं निविदा स्वीकृति हेतु अभिशंषा करने सम्बन्धी कार्यवाही RUDSICO स्तर पर गठित **निविदा**

मूल्यांकन समिति द्वारा तथा तकनीकी स्वीकृति जारी करने की कार्यवाही RUDSICO स्तर पर गठित तकनीकी समिति द्वारा पूर्व आदेशों के अनुसार यथावत की जावेगी। जिससे वित्तीय वर्ष 2017–18 (प्रथम चरण) में सड़क निर्माण व पुनर्रूद्धार/मरम्मत कार्य के क्रियान्वयन व कार्य की मोनेटरिंग/सुपरविजन में एकरूपता बनी रहे।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2017–18 Rajsthan Urban Infrastructure Renewal Project (RUIRP) Phase-I के अंतर्गत सड़क निर्माण/पुनर्रूद्धार/मरम्मत कार्यो की सतत मोनेटरिंग एवं सुपरविजन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त नोड़ल एजेन्सी RUDSICO द्वारा पूर्ववत यथावत की जावेगी।

(पवन अरोड़ा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांक : एफ 55( )अभि./सीई/डीएलबी/2018–19/बजट घोषणा/26533-890 दिनांक :04/04/18
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

01. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
02. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर।
03. महापौर/सभापति/अध्यक्ष, नगर निगम/परिषद/पालिकायें, समस्त राजस्थान।
04. जिला कलेक्टर्स (समस्त), राजस्थान।
05. मुख्य अभियंता/PD(UI), RUDSICO लालकोठी स्कीम, जयपुर।
06. उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, (समस्त) राजस्थान।
07. अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता/अधीक्षण अभियन्ता (जोनल), समस्त नगर निगम, राजस्थान।
08. अधिशाषी अभियन्ता, समस्त नगर निगम/परिषदें, राजस्थान।
09. प्रभारी, स्मार्टराज सेन्टर, निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड़ करने हेतु।

(भूपेन्द्र माथुर)
मुख्य अभियन्ता

D:\R.L. Sharma\Road Repair 2017\letter.docx